# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2015 / 698 दिनांक: 07.04.15

## परीक्षा केन्द्र निरस्त सम्बन्धी सूचना

**चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय**, रानोली (सीकर) परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में अनियमिततायें पायी जाने के कारण उनका परीक्षा केन्द्र निरस्त किया जाता है। इस परीक्षा केन्द्र को आवंटित महाविद्यालय की समस्त परीक्षाऐं दिनांक 09.04.2015 से उनके नाम के आगे अंकित परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित होंगी :–

| क्र. सं. | निरस्त परीक्षा केन्द / कोड नं. | | आवंटित महाविद्यालय का नाम / कोड नं. | | परिवर्तित परीक्षा केन्द्र / कोड नं. | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Choudhary Charan Singh College, Ranoli (Sikar) | 268 | Mohri Devi Madhav Mahavidhyala, Ranoli, (Sikar) | 273 | Sanskar Balika Mahavidhyalaya, Palsana, (Sikar) | 279 |

उपरोक्त निरस्त किये गये परीक्षा केन्द्र के सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 09.04.2015 से परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा हेतु उपस्थित होवें।

**नोट:–** उक्त विज्ञप्ति विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर उपलब्ध है।

–sd–
**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2015 / 699–724 दिनांक: 07.04.2015

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्राचार्य एवं केन्द्राधीक्षक, चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, रानोली (सीकर) को प्रेषित कर लेख है कि आपके परीक्षा केन्द्र को आवंटित परीक्षार्थियों की परीक्षायें उपरोक्त परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित होंगी। तद्नुसार परीक्षार्थियों को भी सूचित करने का श्रम करें। अतः उनसे सम्बन्धित सम्पूर्ण परीक्षा सामग्री एवं प्रश्न पत्र सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र को सुरक्षित सुपुर्द करें तथा आवश्यकता पडने पर संस्कार बालिका महाविद्यालय, पलसाना (सीकर) को फर्नीचर उपलब्ध करायें।
2. प्राचार्य एवं केन्द्राधीक्षक, संस्कार बालिका महाविद्यालय, पलसाना (सीकर) को प्रेषित कर लेख है कि आपके परीक्षा केन्द्र को उपरोक्तानुसार आवंटित परीक्षार्थियों की परीक्षायें आयोजित होंगी। तद्नुसार परीक्षार्थियों को भी सूचित करने का श्रम करें। अतः उनसे सम्बन्धित सम्पूर्ण परीक्षा सामग्री / प्रश्न पत्र प्राप्त करें एवं आवश्यकता पडने पर पूर्व परीक्षा केन्द्र से फर्नीचर लेकर परीक्षाऐं करवाना सुनिश्चित करें।
3. प्राचार्य, मोहरी देवी माधव महाविद्यालय, रानोली (सीकर) को प्रेषित कर लेख है कि आपके सभी परीक्षार्थियों की परीक्षायें परिवर्तित परीक्षा केन्द्र संस्कार बालिका महाविद्यालय, पलसाना (सीकर) पर आयोजित होंगी। अतः छात्रों को सूचित कर परीक्षायें सम्पन्न करवाने में सहयोग प्रदान करें।
4. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राज. वि. वि. जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.uniraj.ac.in** पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
5. संयोजक, कोडिंग सैन्टर, राज.वि.वि., जयपुर।
6. उप कुलसचिव, गोपनीय शखा / संचालन शाखा, राज.वि.वि., जयपुर।
7. निजी सचिव– कुलपति / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राज. वि. वि., जयपुर।
8. सहायक कुलसचिव / अनुभागाधिकारी, परीक्षा गोपनीय / संचालन शाखा / तलघर प्रथम व द्वितीय, राज.वि.वि., जयपुर।
9. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के सीकर जिले के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर) के संस्करण में एक बार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।

7.4.15
**सहायक कुलसचिव**
**(परीक्षा 4)**